डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

सा.अ/61/टीपी/19/पीएन/ दिनांक : 18 अगस्त 2020

**प्रकाशन/प्रसारण के लिए**

## प्रेस विज्ञप्ति

## साहित्य अकादेमी अनुवाद पुरस्कार 2019 (कन्नड)

साहित्य अकादेमी कन्नड भाषा में साहित्य अकादेमी अनुवाद पुरस्कार 2019 डॉ. विठलराव टी. गायकवाड को उनकी पुस्तक *दलित साहित्यदा सौंदर्य प्रज्ञे* (साहित्यिक समालोचना) को दिए जाने की प्रसन्नतापूर्वक घोषणा करती है। यह पुस्तक शरण कुमार लिंबाले की मराठी समालोचना *दलित साहित्यचे सौंदर्यशास्त्र* का कन्नड अनुवाद है।

पुस्तक का चयन त्रिसदस्यीय निर्णायक मंडल ने निर्धारित चयन प्रक्रिया का पालन करते हुए किया है। नियमानुसार निर्णायकों के सर्वसम्मति के आधार पर पुरस्कार की घोषणा की गई है। निर्णायक मंडल के सदस्य जिन्होंने पुरस्कार की अनुशंसा की उनके नाम हैं – डॉ. आर. पूर्णिमा, श्री एस. दिवाकर और डॉ. अरविंद मलागत्ति।

पुरस्कार के रूप में एक उत्कीर्ण ताम्रफलक और पचास हजार रुपए की राशि पुरस्कृत अनुवादक को इसी साल आयोजित एक विशेष समारोह में अन्य पुरस्कार विजेताओं के साथ प्रदान किए जाएँगे।

हम आपके कृतज्ञ रहेंगे, यदि आप इस समाचार को अपने प्रतिष्ठित समाचारपत्र/चैनल में प्रकाशित/प्रसारित करें।

(के. श्रीनिवासराव)

रवीन्द्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone : +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax : +91-11-2338 2428
E-Mail : secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website : http//www.sahitya-akademi.gov.in